तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल – 462004

क्रमांक/3/स्था/ए/2009/1072 /भोपाल, दिनांक 29/07/09

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त इंजीनियरिंग महाविद्यालय (म0प्र0)
समस्त पोलीटेकनिक महाविद्यालय (म0प्र0)

विषय :– **इंजीनियरिंग महाविद्यालय/पोलीटेकनिक महाविद्यालय में कनिष्ठ लेखाधिकारी/मुख्यलिपिक/कैशियर/ लेखापाल संवर्ग के कर्मचारियों की दिनांक 1.4.2009 की स्थिति दर्शाने वाली अनन्तिम पदक्रम/वरिष्ठता सूची ।**

––000––

इंजीनियरिंग महाविद्यालय/पोलीटेकनिक महाविद्यालय में कनिष्ठ लेखाधिकारी/मुख्यलिपिक/कैशियर/लेखापाल संवर्ग के कर्मचारियों की दिनांक 1.4.2009 की स्थिति दर्शाने वाली अनन्तिम (प्रोव्हिजनल) पदक्रम/वरिष्ठता सूची तैयार कर एतद्सह संलग्न कर आपकी ओर भेजी जा रहीं हैं । आप अपनी संस्था में कार्यरत् संबंधित व्यक्तियों को इस अनन्तिम पदक्रम/वरिष्ठता सूची की प्रतियॉ तैयार कर उन्हें एक प्रति देवे तथा संचालनालय को **एक–सप्ताह** के भीतर सूचित करे कि आपके द्वारा सभी संबंधित कर्मचारियों को संलग्न पदक्रम सूची की प्रति दे दी गई हैं ।

यदि संस्था में उक्त संवर्ग में कार्यरत किसी कर्मचारी का नाम सूची में सम्मिलित करने से छूट गया हो तो मय विवरण की जानकारी **दिनांक 13.08.2009** के भीतर संचालनालय को भेजें, ताकि संबंधित कर्मचारी का नाम सूची में सम्मिलित किया जा सके ।

आपकी संस्था के किसी कर्मचारी को उनके वरिष्ठता अथवा अनन्तिम पदक्रम सूची में दिये गये विवरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो, तो इस ज्ञाप के निर्गमन की तिथि से एक सप्ताह के भीतर संबंधित का अभ्यावेदन प्रमाण एवं औचित्य के साथ प्राप्त कर संचालनालय को भेजें । अभ्यावेदन संचालनालय को भेजने के पूर्व संबंधित व्यक्ति के सेवा अभिलेख से इसका सत्यापन किया जाकर उस पर अपनी टिप्पणी/अभिमत के साथ ही इस संचालनालय को डाक तथा ईमेल से भेजें । निर्धारित समय–सीमा में अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जायेगा कि अनन्तिम पदक्रम/वरिष्ठता सूची में अंकित विवरण सही है तथा किसी कर्मचारी को कोई आपत्ति नहीं हैं इस की प्रति संचालनालय की बेवसाइट **www.mptechedu.org** पर उपलब्ध हैं।

(आशीष डोंगरे)
संचालक, तकनीकी शिक्षा
मध्यप्रदेश